संख्या- 24 /2023/234/चार-2023

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊःदिनांक 21 जनवरी, 2023

विषय- दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2023 की अवधि में 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' समारोह हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3428/सं0नि0-15(77)/2022-23, दिनांक 21 जनवरी, 2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2023 की अवधि में 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' समारोह हेतु उत्तर प्रदेश के 73 जनपदों (लखनऊ एवं नोएडा को छोड़कर) को रू0 02.00 लाख प्रति जनपद कुल धनराशि रू0 1.46 करोड़ एवं उक्त आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों/अन्य व्यवस्थाओं हेतु रू0 50.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 1.96 करोड़ (रूपये एक करोड़ छियानबे लाख मात्र ने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं-

(1) उत्तर प्रदेश के 73 जनपदों (लखनऊ एवं नोएडा को छोड़कर) को प्रति जनपद रू0 02.00 लाख की धनराशि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद के बैंक खातों में प्रदान की जायेगी।

(2) 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' समारोह के आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों/अन्य व्यवस्थाओं हेतु रू0 50.00 लाख आहरित कर उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेगी।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(4) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 के अधीन लेखाशीर्षक -2205-कला तथा संस्कृति- 800-अन्य व्यय-12-आजादी का अमृत महोत्सव- 42- अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या- 24 /2023/234 (1) /चार-2023, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- समस्त जिलाधिकारी (लखनऊ एवं नोएडा को छोड़कर), उत्तर प्रदेश।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ।
6- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in